>

Title: Need to conduct an inquiry into the supply of substandard foodgrains by FCI in Balaghat, Madhya Pradesh.

श्री के.डी. देशमुख (बालाघाट): महोदय, मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में एफसीआई के गोदामों से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में चावल वितरित किया जा रहा है। यह चावल घटिया किस्म का है। मध्याह्न भोजन में बच्चे इसे खाने योग्य नहीं समझते हैं।

~~(h5/1935/bks-kmr)~~

यह बीपीएल परिवार के खाने लायक नहीं है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि बालाघाट जिले में जितने भी एफसीआई गोदाम हैं, उन सबकी जांच की जाए और उनमें जो घटिया चावल रखा हुआ है, उस चावल की भी जांच की जाए और जिन अधिकारियों ने घटिया चावल वहां रखना स्वीकृत किया है, उन पर उचित कार्रवाई की जाए। यही मेरा निवेदन है। धन्यवाद।